प्रकाशनार्थ

3 जुलाई 2023 गोरखपुर।

गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा, जटाशंकर, गोरखपुर एवं गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक के संयुक्त तत्वाधान में एक रक्तदान शिविर का अयोजन गुरुद्वारा परिसर में किया गया।

रक्तदान शिविर के बारे में ब्लड बैंक प्रभारी डॉ अवधेश अग्रवाल ने बताया कि युवाओं में रक्तदान को लेकर बहुत सारी भ्रांतियां दूर हो चुकी हैं और वह अब रक्तदान के प्रति जागरूक हो गए हैं स्वयं भी रक्तदान कर रहे हैं और लोगों को प्रेरित भी करते है। अध्यक्ष श्री जसपाल सिंह जी ने कहा कि रक्तदान से 3 ज़िंदगी बचाई जा सकती है तथा स्वस्यम का शरीर भी स्वस्थ रहता है कई गंभीर बीमारियों से छुटकारा मिलता है। प्रदेश पंजाबी अकादमी के सदस्य जगनयन सिंघ निटू सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। आज के रक्तदान शिविर में रवींद्र पाल सिंह , हरबजन सिंह, अनुराग, गगन ,अमित पाण्डेय सहित लगभग 15 लोगों ने रक्तदान किया।

आज के रक्तदान शिविर में जसपाल सिंह, नीटू प्रमुख रूप से उपस्थित रहे इसके अतिरिक्त नगर के गणमान्य व्यक्तियों सहित भारी संख्या में लोग रक्तदाताओं के उत्साहवर्धन हेतु उपस्थित थे

ब्लड बैंक के मोबाइल टीम के साथ टेक्निशियन संदीप बबिता ,घनश्याम आदि उपस्थित रहे और उन्होंने रक्तदान शिविर को संपन्न कराया।